## एक नजर में

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण, बंदियों को बताए अधिकार

सरदारपुर न्यूज़. दिनांक 22.11.25 को माननीय न्यायालय श्री संजीव कुमार अग्रवाल प्रधान जिला सत्र न्यायाधिश धार द्वारा सब



जेल सरदारपुर का निरीक्षण किया गया । सब जेल सरदारपुर में निरूद्ध समस्त बंदियों को उनके अधिकारों के बारे मे जानकारी दी गई एवं उनके स्वास्थ्य, भोजन रहने की व्यवस्था एवं वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी के संबंध में के बारे में जानकारी ली गई सजायाप्ता बंदियों के अपील संबंधी जानकारी ली गई, जमानत होने के बाद भी यदि जमानतदार के आभाव में जेल में निरूद्ध बंदियों एवं जुर्माने के आभाव में सजा भुगत रहे कैदियों की जानकारी ली गई एवं बंदियों के केस से संबंधित समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही निराकरण कर सुझाव दिये गये। बाद सम्पूर्ण जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर श्री सजय कुमार परमार सहायक जेल अधीक्षक एवं श्री नाथूलाल जाटव इंचार्ज प्रमुख मुख्य प्रहरी श्री सियाराम लिमनपुरे वारंट शाखा प्रभारी श्री धमेन्द्र आर्वे प्रहरी एवं अन्य ड्यूटीरत स्टॉफ उपस्थित रहे।

### कलाकारों ने कराओके पर दी गीतों की प्रस्तुति

**इंदौर .** बाबरा कराओके की छठी संगीतमयी प्रस्तुति सुहानी रात ढल चुकी ना जाने तम का आयोजन श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में संपन्न हई . इस



मौके पर गायक ओमप्रकाश भारती आदि कलाकारों ने कराओगे पर नये और कालजयी गीतों की दमदार प्रस्तुति दी . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ . राजकुमारी सिलावट, दीपक सरमंडल, यशवंत खंडागले, दीपक मलहोत्रा, लोकेश पुलिसवाला, चंद्रशेखर परिहार, विपिन शर्मा थे, अतिथि स्वागत अनिल सोलंकी ने किया।कार्यक्रम का संचालन सारिका जैन ने किया.

### इंदौर में 21% लोगों को हो सकती है टाइप 2 डायबिटीज

**इंदौर .** हालिया स्वास्थ्य आंकड़ों से पता चलता है कि शहर की 21% आबादी मधुमेह से प्रभावित है, जबकि कई लोग प्रीडायबिटिक हैं या अब तक यह जानते ही नहीं कि उन्हें यह बीमारी है . इस चिंताजनक स्थिति को देखते हुए, राज्य सरकार ने हाल ही में हेल्दी मध्यप्रदेश पहल के तहत इंदौर ज़िद्दी है अभियान शुरू किया है . इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्यभर के युवाओं में लाइफस्टाइल बीमारियों- जैसे टाइप 2 डायबिटीज़- की समय रहते पहचान के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच को बढ़ावा देना है . स्न्न कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए, अमेरिका स्थित फ़िज़ीशियन्स कमिटी फ़ॉर रेस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम) के पोषण वैज्ञानिक डॉ. ज़ीशान अली ने कहा टाइप 2 डायबिटीज़ असाध्य नहीं है . जिन्हें इस बीमारी की आनुवंशिक प्रवृत्ति हो, उन लोगों में भी बचाव संभव है . इसे आहार और जीवनशैली में बदलावों के माध्यम से रोका जा सकता है और कई मामलों में पलटा भी किया जा सकता है . क्लिनिकल अध्ययनों से पता चलता है कि फलों, सब्जियों, दालों और साबुत अनाज से भरपूर पौधे-आधारित आहार इंसुलिन की संवेदनशीलता बहाल करता है और मेटाबॉलिक स्वास्थ्य में सुधार लाता है .

### एनबीए और बीएफआई का बास्केटबॉल कार्यक्रम शुरू

**इंदौर .** नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए), फार्मास्युटिकल्स समाधानों में ग्लोबल लीडर, एसीजी और देश में बास्केटबॉल की गवर्निंग बॉडी, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने एसीजी जूनियर एनबीए का 2025-26 संस्करण शुरू किया . यह एक 313 टूर्नामेंट है, जो पूरे देश के स्कूलों में-14 बॉयज़ और गर्ल्स टीमों के बीच आयोजित होता है . इस बार यह टूर्नामेंट भारत के 10 शहरों में आयोजित हो रहा है, इसलिए यह देश में अब तक का सबसे बड़ा प्रोग्राम है . इस प्रोग्राम के लिए ऑफिशियल किट पार्टनर स्केचर्स है . 2025-26 एसीजी जूनियर एनबीए 313 नेशनल टूर्नामेंट लुधियाना, चेन्नई, उदयपुर, नई दिल्ली, गुवाहाटी और बेंगलुरु में आयोजित होगा, जिसके बाद इसका इंदौर लेग 11 जनवरी को शुरू होगा . राजा चौधरी ने कहा एसीजी जूनियर एनबीए प्रोग्राम भारत में जमीनी स्तर पर बास्केटबॉल का विकास करने के हमारे प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है . इसकी मदद से हम अगली पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करके उन्हें आगे बढ़ाते हैं . बीएफआई प्रेसिडेंट, आधव अर्जुन एनबीए के साथ हमारे लगातार सहयोग से बास्केटबॉल का विकास करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है . एसीजी मैनेजिंग डायरेक्टर करन सिंह मैंने पूरे जीवन इस खेल का अनुसरण किया है .

### इंदौर में ग्लोबल जेक्वार वर्ल्ड शोरूम लॉन्च

**इंदौर.** जेक्वार ग्रुप ने इंदौर के स्टार चौराहे के पास एमआर 10 रोड पर अपने सबसे बड़े जेक्वार वर्ल्ड शोरूम को लॉन्च किया. यह नया प्रमुख शोरूम चार मंजिलों में 58,000 वर्ग फुट के विशाल एरिया में फैला है, जो ग्राहकों को जेक्वार ग्रुप के संपूर्ण बाथ और लाइट पोर्टफोलियो को देखने और एक्सपर्ट कंसल्टेशन सर्विसेज प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है. इस उद्घाटन में दिग्विजय काठीवाड़ा, राजेश मेहरा और किशन मेहरा, डायरेक्टर्स और प्रमोटर्स, जेक्वार ग्रुप उपस्थित थे. नए ग्लोबल स्टोर के लॉन्च पर राजेश मेहरा, डायरेक्टर और प्रमोटर, जेक्वार ग्रुप ने कहा कि इंदौर हमारे दिल के बहुत करीब है और हम इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ सामान प्रदान करना चाहते हैं. जेक्वार वर्ल्ड शोरूम में, ग्राहक आकर अपनी पसंद के अनुसार अपने घर या ऑफिस के लिए बाथरूम और लाइटिंग उत्पाद चुन सकता है. वे अपने हर तरह के स्पेस के लिए हर तरह के कॉन्सेप्ट को तैयार कर सकते हैं। इसके लिए वे स्टोर में ही प्रोफेशनल डिज़ाइन और तकनीकी गाइडेंस प्राप्त कर सकते हैं, और जो वे बनाने जा रहे हैं उसका प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं.

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180

# चाय गुमटी पर चुस्कियों के साथ हो जाता है थाने के विवादों का नपटारा



**बदनावर।** पुलिस थाने किसी भी प्रकार के विवाद, अपराध या शिकायत के समाधान का वैधानिक स्थान होते हैं, जहाँ मामलों का निराकरण नियमानुसार थाना प्रभारी या न्यायालय के माध्यम से किया जाता है। लेकिन बदनावर थाना इन दिनों एक अलग ही कारण से चर्चा का विषय बना हुआ है।

थाना परिसर में मौजूद चाय गुमटी पर सुबह से लेकर देर शाम तक फरियादियों और पुलिसकर्मियों की भीड़ लगी रहती है। जानकारी के अनुसार, यह चाय गुमटी न सिर्फ चाय-नाश्ते का केंद्र बन चुकी है, बल्कि कई मामलों में यहाँ समाधान की एक अनौपचारिक प्रक्रिया भी देखने को मिलती है। बताया जाता है कि फरियादी थाने की दहलीज तक पहुँचें उससे पहले ही कुछ मामलों में चाय गुमटी पर बैठकर 'ले-देकर' निपटाने का प्रयास किया जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटे विवाद, झगड़े, लेन-देन के मामले और पारिवारिक कलह को थाने के अंदर जाने के बजाय इसी गुमटी पर ही बैठकर सुलझाने की कोशिश की जाती है। इससे कई प्रश्न भी खड़े हो रहे हैं—क्या यह वाकई समाधान है या फिर थाने की प्रक्रिया से बचने की एक अनियमित कोशिश? फरियादियों का यह भी कहना है कि पुलिसकर्मी भी अक्सर इस गुमटी पर मौजूद रहते हैं, जिससे कई लोग थाने में जाकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाते हैं। कुछ मामलों में पक्षों को यही समझाया जाता है कि मामला छोटा है, आपस में बैठकर निपटा लें।

जनता इस बात पर भी सवाल उठा रही है कि थाने की औपचारिक प्रक्रिया को दरकिनार कर ऐसे अनौपचारिक समाधानों को बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है?

कुल मिलाकर, बदनावर थाने में स्थित इस चाय गुमटी ने कानून व्यवस्था की स्वास्थ्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच की जाए एवं थाने की मर्यादा और कानूनी प्रक्रिया को सही दिशा में बहाल किया जाए।

## फोरलेन पर गलत दिशा में आ रही स्कूल बस ने 3 छात्रों को किया घायल






**बदनावर सांदीपनि विद्यालय की बस क्रमांक एमपी 17 5द्व 4053 के चालक भूपेंद्र सिंगर ने मोटरसाइकिल से आ रहे खेरवास के छात्र-छात्राओं को चोटिल किया.** मौके पर प्र हलाद बोरा पहुंचे और बस को जप्त किया ।लेकिन चालक भूपेंद्र सिंगार मौके से फरार हो गयाहै। थाना बदनावर द्वारा प्रकरण की कायमी कर अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं चालक के विरुद्ध 281 और 125 ए धारा में प्रकरण पंजीबद्ध किया मामले की जांच हेड कांस्टेबल योगेश शर्मा कर रहे हैं

मामला कुछ इस प्रकार है सीएम राइस सांदीपनि विद्यालय की बस क्रमांक एमपी 17 5द्व 4053 जो खेरवास से आकर पंचक वासा की ओर फोरलेन पर विपरीत दिशा में होकर जा रही थी तभी खेरवास से आ रहे मोटरसाइकिल सवार स्कूली बच्चों को विद्यालय की बस ने ठोक दिया। जिसमें तीन छात्र रवि पिता नर्सिंग लक्ष्मी पिता दिनेश खुशी पिता राम जी निवासी खेरवास घायल है। घायलों को प्राथमिक उपचार पश्चात रतलाम रेफर किया गया है ।फरियादी संजय पिता पूनम पुरी गोस्वामी ने थाने पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सांदीपनि विद्यालय बदनावर का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है और उनकी बस व्यस्था का संचालन भोपाल के द्वारा किया जाता है रॉन्ग साइड में वाहन चलाना निश्चित रूप से बच्चों की सुरक्षा को ऊपर संदेह उत्पन्न करता है। इस बारे में विद्यालय प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख ने बताया तो उन्होंने बताया मुझे जानकारी मिली है ।मौके पर गया था दूसरी साइड निर्माण कार्य होने के कारण रॉन्ग साइड बस गई ।और कुछ बच्चे मोटरसाइकिल से गिरने से चोटिल हुए है। ज्ञात रहे पूर्व में भी लगातार बस संचालन को लेकर विद्यालय की भूमिका अस्थिर रही है।

### बस प्रबंधन पर लगा प्रश्नचिन्ह

कभी बस बंद हो जाना विद्यार्थियों का परेशान होना निश्चित रूप से बस प्रबंधन पर बड़े प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। हालांकि विद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयास करता रहता है विद्यालय की व्यवस्था ना बिगड़े लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं ऐसी कमियां होती रहती हैं। साथ ही विद्यालय के बस चालकों की लगातार शिकायतें विद्यालय प्रबंधन के पास आते रहती हैं जिनका समय-समय पर निपटारा किया जाता रहता है।

## 24 से नागपुर से शुरू यूनिटी मार्च, 26 को धार पहुंचेगा

**धार. राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित की जा रही तत्व यात्राओं की श्रृंखला के अंतर्गत मध्यप्रदेश से निकल रही 'सरदार ऋ150 पदयात्रा / यूनिटी मार्च' का शुभारंभ 24 नवम्बर 2025 को नागपुर (महाराष्ट्र) से होगा। यह यात्रा विभिन्न जिलों से होती हुई मध्यप्रदेश में प्रवेश कर जनभागीदारी और राष्ट्रीय एकता के संदेश को आगे बढ़ाएगी।**

गत दिवस आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में पदयात्रा की समीक्षा की गई। निर्देशानुसार यह यात्रा इन्दौर से प्रस्थान करने के बाद 26 नवम्बर 2025 को दोपहर 2 बजे धार पहुँचेगी। यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्यमंत्री एवं धारङ्कमहू संसदीय क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर धार फाटा, जैतपुरा (सीएनजी पम्प के सामने) उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की सुचारु व्यवस्था और समन्वय के लिए कलेक्टर प्रियांक मिश्रा ने जिला युवा अधिकारी माय भारत दीर्घा राजावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उनकी सहायता के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि यात्रा ससम्मान और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### सरमन प्रजापत जिला महामंत्री और योगेश प्रजापत बने तहसील अध्यक्ष



**बदनावर.** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ प्रदेश अध्यक्ष माननीय शेखर प्रजापत और धार जिला अध्यक्ष विक्रम जी प्रजापत की अनुशंसा पर पीथमपुर के सरमन जी प्रजापत धार जिला महामंत्री के पद पर और कमलेश प्रजापत धार तहसील अध्यक्ष नियुक्ति की गई साथ ही बदनावर के तहसील अध्यक्ष के रूप में योगेश प्रजापत की नियुक्ति की गई। अखिल भारतीय प्रजापति संघ लगातार समाज सेवा के कार्य में अग्रणी रहकर कार्य करता है।इसे और सक्रियता देने हेतु जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है दोनों पदाधिकारी की नियुक्ति पर उन के इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।







## जादू नहीं विज्ञान है, कार्यक्रम का आयोजन

नागदा (धार) सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नागदा में पालक शिक्षक बैठक एवं जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर संस्था के शिक्षकों द्वारा पालकों के साथ चर्चाएं की गईं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक टॉप 10 विद्यार्थियों के नामों की घोषणा संस्था के शिक्षक श्री मेहमूद खान द्वारा की गई एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रथम 3 स्थानों पर रहे विद्यार्थियों को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर टी.एल.एम. प्रदर्शनी रखी गई ।जादू नहीं विज्ञान है कार्यक्रम में विज्ञान के शिक्षकों श्री मुकेश मकवाना, श्रीमती रचना पाटीदार, श्रीमती कृष्णा राजावत एवं सुश्री शफौजा कुरैशी का विशेष योगदान रहा। विज्ञान शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग जादू के रूप में किस प्रकार होता है इसका प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सरिता शर्मा ने की। संस्था के सभी शिक्षकों ने मंच पर आकर अपने विचार पालकों के साथ साझा किए। संचालन श्री मकवाना द्वारा किया गया एवं आभार श्री सचिन प्रजापति ने माना।

## तपस्या व साधना आत्मा को निर्मलता प्रदान करते हैं : विश्वरत्न सागर

- उपधान तप के 133 तपस्वियों का स्वर्ण गिन्नी से बहुमान
- आचार्यश्री को दलाल बाग से भावपूर्ण बिदाई



**इंदौर.** तपस्या और साधना हमारी आत्मा को शुचिता और निर्मलता प्रदान करते हैं. तप और संयम-साधना के मार्ग पर चलकर हम स्वयं को पवित्र और तपस्वी बनाने का पुरुषार्थ करें तो हमारी आने वाली पौध भी सत्य, अहिंसा और त्याग के बूते पर जिनशासन की प्रतिष्ठा को नई समृद्धि और ऊंचाईयां प्रदान करेंगी. तपस्या के मामले में इंदौर के समाज बंधु सबसे आगे रहते हैं, यह हम सबके लिए गौरव की बात है.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य विश्वरत्न सागर के, जो उन्होंने शुक्रवार को अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित दलालबाग के परिसर में आयोजित धर्मसभा में उपस्थित उपधान तप के 133 तपस्वी बंधुओं तथा लाभार्थी परिवारों के बहुमान के दौरान आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. इस अवसर पर आचार्य मृदुल रत्न सागर, गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर, उदयरत्न सागर, उत्तमरत्न सागर सहित अन्य साधु-साध्वी-भगवंत भी उपस्थित थे. दलाल बाग पर तपस्वियों के लिए अलग-अलग मंडपों की स्थापना की गई थी, जहां शुक्रवार को आयोजन समिति की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल, अंकित मारु, दिलीप मंडोवरा एवं दीपक सुराना ने सभी तपस्वियों की अगवानी की. उपधान तप के मुख्य लाभार्थी दिलसुखराज कटारिया, सह लाभार्थी विनोद कुमार रतनलाल जैन परिवार तथा बहुमान के लाभार्थी सतीश-अमन व्होरा परिवार ने सभी तपस्वियों का स्वर्ण मुद्रा से बहुमान किया.

### अंतिम महामांगलिक संपन्न

वर्ष 2025 के चातुर्मास की अंतिम महामांगलिक की सौगात देते हुए आचार्य विश्वरत्न सागर ने सबके प्रति मंगल भाव व्यक्त किए . उन्होंने कहा कि इंदौर के इस चातुर्मास के दौरान दो-दो दीक्षाओं और अनेक तपस्याओं सहित जिन शासन की समृद्धि के अनेक कीर्तिमान कायम हुए हैं जिनका श्रेय आयोजन समिति एवं शहर के प्रत्येक समाजबंधु को जाता है . करीब 3 घंटे की महामांगलिक के बाद शाम को आचार्यश्री दलाल बाग से विहार कर आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ गुमास्ता नगर के लिए विहार कर गए .

## निर्वाचन अधिकारी का डांस करते वीडियो चर्चा में..!

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में सोशल मीडिया पर वर्तमान निर्वाचन पर्यवेक्षक का वीडियो चल रहा है, जिसकी चर्चा है। इस वीडियो में वे गाने पर डांस करते नजर आ रहे है. बताया जा रहा है कि उनके साथ में कुछ छपाई वाले वेंडर भी मौजूद है. खास बात यह है कि वीडियो विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बाजार में आया है.**

आज शहर में सोशल मीडिया पर वर्तमान निर्वाचन पर्यवेक्षक का वीडियो वायरल हुआ है. वीडियो में पर्यवेक्षक अंतिम दुबे, कलेक्टर कार्यालय का चपरासी और कुछ छपाई के वेंडर डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं. सभी गाने पर जमकर झूम रहे है, जिसमें दुबे भी मस्ती के मूड में है. इस वीडियो को लेकर निर्वाचन अधिकारी क्या एक्शन लेंगे, यह तो बाद में पता चलेगा. मगर, वीडियो को वर्तमान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में फार्म नहीं छपने और मस्ती करने से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है.

### मेरा पुराना वीडियो है 2024 का

वीडियो वायरल होने पर अंतिम दुबे ने कहा कि यह वीडियो जून 2024 का है . लोकसभा चुनाव का सफल निर्वाचन होने पर पार्टी की थी . यह मेरा निजी जीवन है, जिसमें मैं नाचता भी हूं और गाना भी गाता हूं . मुझे इसका शौक है . सबसे बड़ी बात यह है कि मैं निर्वाचन पर्यवेक्षक तो अभी बना हूं, उस समय मैं निर्वाचन कार्य में नहीं था .